ये दुनिया तुझे कुछ नहीं देने वाली

ये दुनिया तुझे कुछ नहीं देने वाली,
साई के दर पे चला जा सवाली,

वहा जिस बशर ने है सर को जुकाया,
भिखारी या जो बादशाह बन के आया,
तू साईं की सूरत का बन जा दीवाना मिलेगा तुम्हे रहमतो का खजाना,
है साईं के चेहरे पे सूरज की लाली,
साई के दर पे चला जा सवाली,

तू आवाज दे साईं सुन लेगा तेरी,
सुनी जैसे साईं ने फरयाद मेरी,
सदा आस तेरी वो पूरी करेगा,
खुशियों से तेरा वो दामन बहरे गा,
नही बात उसने किसी की है टाली,
साई के दर पे चला जा सवाली,

ये दुर्गा भवानी की शक्ति है साईं,
ये विष्णु भ्रमा की भगती है साईं,
ये शंकर की माला की मनको में रहता,
ये सच मान ना जो तुझे दास कहता,
है चरणों से साईं ने गंगा निकाली,
साई के दर पे चला जा सवाली,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15947/title/ye-duniya-tujhe-kuch-nhi-dene-vaali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |